तापमान
अधिकतम 19.8 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 29 जनवरी 2026

12 जब हम खुद पर शासन करना सीख जाएंगे ...



12 मिड डे मील के सामान की अनियमित सप्लाई ...




# आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रचा

## -कानूनी शिक्षा के शिखर पर आरपीएस के सितारे

## क्लैट व एलेट 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन



कृष्ण कुमार

महेंद्रगढ़। आरपीएस विद्यालय खातोद महेंद्रगढ़ के छात्र कृष्ण कुमार ने वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षा क्लैट में अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। वहीं पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, जबकि श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस की छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। बता दें कि आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लैट और एलेट में ऐतिहासिक सफलता दर्ज कर शिक्षा जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल देशभर में बल्कि विभिन्न राज्यों में भी टॉप रैंक हासिल कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन किया है। हाल ही में घोषित क्लैट में आरपीएस महेंद्रगढ़ के कृष्ण कुमार ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-1, छात्र पीयूष ने हरियाणा कैटेगरी में स्टेट रैंक-1, महक, रौनक, अक्षिता व ज्योति चनेजा ने विभिन्न राज्यों में स्टेट रैंक-2, श्रेयसी और नव्या ने स्टेट रैंक-4 तथा श्रेयसी कंबोज, कुसुमलता, अंशु, पीयूष, शिखा, लक्षिता, प्रतीक्षा, उषा, वल्लिका, प्राशी गुप्ता, वैभवी सुरेरिया, माही राव, स्पंदन, हंशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने टॉप रैंकों में स्थान बनाते हुए आरपीएस की शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की। उधर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा आयोजित एलेट परीक्षा में भी आरपीएस के छात्रा महक ने अपनी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक-3 तथा स्पंदन ने ऑल इंडिया रैंक-27 प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष आरपीएस के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लैट व एलेट क्वालिफाई किया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा आरपीएस के छह विद्यार्थियों कृष्ण कुमार, महक, पीयूष, श्रेयसी, अक्षिता धीमान, रौनक को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में मिला दाखिला।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि न्यायपालिका समाज की सेवा और संविधान की रक्षा का सशक्त माध्यम है और आरपीएस के ये विद्यार्थी भविष्य के सशक्त न्याय प्रहरी बनेंगे। आरपीएस के विद्यार्थी अब तकनीकी, चिकित्सा के साथ-साथ विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच रहे हैं। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉक्टर पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस की शिक्षण प्रणाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में सक्षम है, जिसका परिणाम क्लैट और एलेट में यह अभूतपूर्व सफलता है। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बताया कि विद्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को नवोनतम परीक्षा पैटर्न पर अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए समय-समय पर 'मोटिवेशनल सेशन' और काउंसलिंग का आयोजन किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बना रहे।



सफल विद्यार्थियों ने कहा कि यह सफलता आरपीएस परिवार की दूरदर्शी सोच और अटूट परिश्रम का परिणाम है। विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अनुभवी शिक्षकों और कानूनी विशेषज्ञों द्वारा नियमित कक्षाओं के साथ-साथ कठिन विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

(ADVT.)


## खबर संक्षेप

### केयू के सात विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए अंतिम वर्ष के 7 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट ड्राइव के तहत देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के एमबीए अंतिम वर्ष के 4 विद्यार्थियों का चयन गोदरेज फाइनेंस में 6 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। वहीं 3 छात्रों का चयन एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस में 4.75 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। इस अवसर पर कुवि के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित विद्यार्थियों एवं यूएसएम के अध्यक्ष प्रो. अनिल मित्तल को बधाई देते हुए सफलता पर प्रसन्नता जताई।

### सूने घर से नकदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** शहर की कुलदीप नगर में चोरों ने सूने घर में घुसकर 10 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मालमे की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के कुलदीप नगर निवासी अमित कुमार ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 25 जनवरी को घर का ताला लगाकर बाहर गए थे। जब वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर से 10 हजार रुपये कैश, सोने की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, नोस पिन, लॉकेट, झुमके, टॉप्स, चांदी की पायल व अन्य आभूषण गायब मिले।

### गारमेंट की दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** शहर की ब्रिजपुरी कॉलोनी निवासी प्रवीन दत्ता ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के मेन बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के पास दत्ता गारमेंट के नाम से दुकान है। 27 जनवरी को दोपहर तीन बजे वह दुकान पर काम कर रहा था। दुकान पर ग्राहकों की भीड़ थी। इस दौरान अज्ञात ने दुकान से गल्ले में रखे साढ़े 13 हजार रुपये व मोबाइल चोरी कर लिया। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### किशोर के साथ व्यक्ति ने किया कुकर्म, केस

**यमुनानगर।** पतंग उठाने गए किशोर के साथ एक व्यक्ति ने कुकर्म किया। मामला शहर के फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी का है। पुलिस ने किशोर की माता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जनवरी को शाम पांच बजे 13 वर्षीय लड़का छत पर पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान उसके लड़के का पतंग पड़ोस में रहने वाले प्रेमचंद के घर में गिर गई। जब लड़का उठाने के लिए गया तो आरोपी उस समय घर पर अकेला पकड़ लिया और उसके साथ गलत काम किया।

## एनएच-44 पर बंद अवैध कटों को खोलने का मामला, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

**सरकारी संपत्ति को नुकसान**

# घरौंडा में ढाबों और पेट्रोल पंप संचालकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

घरौंडा क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-44 पर बनाए गए अवैध कटों को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सख्त रुख अपनाया है। हाईवे की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने के आरोप में ढाबा व पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ घरौंडा थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### यातायात सुरक्षा से खिलवाड़

एनएचएआई की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि घरौंडा से पानीपत की ओर जाते समय एचपी पेट्रोल पंप, आशीर्वाद ढाबा, गुरुकृपा कार वॉश, ब्रेक प्राइवेट ढाबा, न्यू बाबा ढाबा, भारत पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम (सीएनजी भाटिया) के सामने अवैध कट पाए गए हैं। इसके अलावा द अर्बन विलेज रेस्टोरेंट के सामने भी अवैध कट बनाए जाने की पुष्टि की गई है। करनाल जिले के घरौंडा क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाईवे-44 पर बनाए गए अवैध कट सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सख्त रुख अपनाते हुए हाईवे की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और यातायात सुरक्षा से खिलवाड़ करने के आरोप में कई ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ थाना घरौंडा में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



घरौंडा। नेशनल हाईवे-44 पर खुले अवैध कट। फोटो : हरिभूमि

### एनएचएआई का मनमाने ढंग से कट लगाने का आरोप

एनएचएआई की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि हाईवे किनारे संचालित कुछ ढाबा और पेट्रोल पंप संचालक अपने व्यावसायिक हितों के लिए मनमाने ढंग से अवैध कट खोल रहे हैं। इससे न केवल हाईवे की संरचना को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही भी बाधित हो रही है।

### हादसों का बना रहता है खतरा

शिकायत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन अवैध कटों के कारण हाईवे पर चल रहे तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाने या दिशा बदलने की स्थिति बन जाती है। इससे टकराव की आशंका बनी रहती है और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों की जान भी जोखिम में पड़ रही है।

### इन स्थानों पर पाए गए अवैध कट

एनएचएआई की शिकायत के अनुसार, घरौंडा से पानीपत की ओर जाते समय एचपी पेट्रोल पंप, आशीर्वाद ढाबा, गुरुकृपा कार वॉश, ब्रेक प्राइवेट ढाबा, न्यू बाबा ढाबा, भारत पेट्रोलियम तथा भारत पेट्रोलियम (सीएनजी भाटिया) के सामने अवैध कट बनाए गए पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त द अर्बन विलेज रेस्टोरेंट के सामने भी अवैध कट होने की पुष्टि की गई है। वहीं, पानीपत से घरौंडा की दिशा में लक्ष्मी रसोई, राजेंद्र वैष्णो ढाबा, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप (शहीद लाल सिंह फिलिंग स्टेशन) और यस कैंटीन के सामने भी अवैध कट बने होने का उल्लेख शिकायत में किया गया है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

थाना घरौंडा पुलिस ने एनएचएआई अधिकारी की शिकायत के आधार पर संबंधित ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल की जाएगी और जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बंद कराने के बावजूद खोले

लिखित शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में कई बार इन अवैध कटों को बंद कराया गया था। इसके बावजूद संबंधित संचालकों ने नियमों की अनदेखी करते हुए दोबारा अवैध रूप से कट खोल दिए। यह सीधे तौर पर हाईवे सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। *-धीरेंद्र शर्मा अधिकारी एनएचएआई, अंबाला*

**पानीपत में बदमाशों ने पुलिस पर की फायरिंग जवाबी कार्रवाई में 2 को गोलियां लगीं**

# ट्रांसपोर्टर को गोली मारने वालों का एनकाउंटर

**हमले का तीसरा आरोपी नाबालिग, दो देसी पिस्टल बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत पुलिस की सीआईए वन व एसटीएफ सोनीपत की संयुक्त टीम ने ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के तीन आरोपियों को बुधवार की अल सुबह गांव जौंधन खुर्द रोड पर मुठभेड़ में पकड लिया। वहीं, पुलिस से घिरे देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड में दो आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। दोनों घायल बदमाशों को पानीपत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया। बाद में इनको खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। जबकि पकडे गए बदमाशों में एक नाबालिग है। इधर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने एसटीएफ सोनीपत के डीएसपी इंदिवर की उपस्थित में प्रेस वार्ता में बताया कि 24 जनवरी की शाम को महराणा गांव में ट्रांसपोर्टर सी सुब्रमण्यम पर तीन बाइक सवार बदमाशों ने जान लेवा हमला किया था। इधर, थाना माडल टाउन पुलिस ने घायल के चचेर भाई मोहन की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोपियों को पकडे के लिए एसटीएफ आईजी सतीश बालन से सहयोग मांगा गया था। इधर, पानीपत सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार व एसटीएफ सोनीपत इंचार्ज इंस्पेक्टर योगेंद्र की संयुक्त टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ मुठभेड में सुनील उर्फ गुंडा पुत्र रणबीर निवासी गांव नौल्था व प्रिंस पुत्र पवन निवासी गांव डाहर जिला पानीपत व तीसरे आरोपी ने नाबालिग को पकडा है। सुनील व प्रिंस के पैरों में गोलियां लगी है। सुनील व प्रिंस पर छह केस दर्ज हैं।



पानीपत। एंकाउंटर करने वाली पुलिस टीम व घायल बदमाश।

### विदेश में बैठे शीलू ने करवाई थी फायरिंग



प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने डाहर गांव निवासी शीलू के कहने पर ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दहशत फैलाने के लिए दिया था। शीलू किसी अन्य देश में गया हुआ है। आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ पहले भी ट्रांसपोर्टर से दो लाख रुपये की वसूली की थी। **-भूपेंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक**

### यमुनानगर: ट्राला की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव मेहरमाजरा के पास ट्राला की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।गांव कनालसी निवासी राकिब अली ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका ससुर गांव कोतरखाना निवासी 69 वर्षीय लियाकत अली मंगलवार को किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव मेहरमाजरा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे ट्राला ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह घायल हो गया। हादसे के बाद जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गया। कुछ देर बाद उसके ससुर की मौके पर ही मौत हो गई।

### दुबई के गल्फ फूड के मेले मे 521 चावल व फूड प्रोडक्ट्स का लगाया स्टाल



**तरावड़ी।** पूरे विश्व के व्यापारी व उद्योगपति दुबई के गल्फ फूड के मेले में भाग लेने जाते हैं। इस मेले मे सभी फुड प्रोडक्ट निर्माताओं एवं एक्सपोर्टर ने अपने अपने चावलों के ब्रांड को लेकर स्टॉल लगाते हैं। हर साल की तरह इस बार भी पूरे विश्व के चावल व्यापारी फूड प्रोडक्ट लेकर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर दुबई के गल्फ मेले में भाग लेने पहुंचें है। आज इस मेले का तीसरा दिन है। हजारों की संख्या मे विदेशी व्यापारी इस मेले मे पहुचें। इस बार यह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर दुबई का गल्फ मेला 26 जनवरी से 30 जनवरी तक लगाया गया। इस मेले में तरावड़ी शहर के राइस मिलर्स अपने अपने चावल ब्रांडों को लेकर अपने-अपने स्टाल लगाये थे। गल्फ मेले में भाग लेने वाले के एस ओवरसीज के 521 बासमती चावल के निर्माता एवं एक्सपोर्टर पंकज गोयल ने बताया की हमने गल्फ मेले दुबई में इस बार भी 521 फूड प्रोडक्ट्स स्टॉल लगाया है। यह स्टॉल स्टैंड नंबर नार्थ हाल 6 में लगाया है। जिसमें हम अपने सभी चावल, आटा, मैदा, सूजी, पोहा सहित कई फूड प्रोडक्ट्स को लेकर वहां के व्यापारियों से रूबरू हुये। हमें उम्मीद है कि विदेशी व्यापारियों से मिलकर अच्छा आर्डर मिलने की उम्मीद है।

### मुंबई की कंटेनर सर्विस कंपनी के संचालकों पर एक करोड़ से अधिक का माल ठगी का आरोप

**यमुनानगर।** शहर के ओबराय वुड्स इंडस्ट्रीज के पार्टनर अनिल ओबराय ने मुंबई की कंटेनर सर्विस कंपनी के संचालकों पर एक करोड़ से भी अधिक का माल ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कंपनी के संचालक आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। अनिल ओबराय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाई बोर्ड, शटरिंग प्लाई और कंटेनर फ्लोर बोर्ड का निर्माण व मालार्ट करते हैं। वर्ष 2019 में महाराष्ट्र नवीं मुंबई के बेलापुर निवासी सुनील किशन खन्ना व कौशल्या खन्ना ने उनसे संपर्क किया। बेटा जतिन खन्ना उर्फ जगदीश भी था। आरोपियों ने खुद को बड़े स्तर का कंटेनर रिपेयर व्यवसायी बताते हुए पूरे भारत में कारोबार फैला होने का दावा किया। आरोपियों ने उन्हें भरोसे में लेकर कहा कि वह कंटेनर फ्लोर बोर्ड की नियमित खरीद करेंगे और सप्लाई किए गए माल का भुगतान 90 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। झांसे में आकर व्यापार कर लिया और एक करोड़ से अधिक का चपत लगा दिया।

### कुरुक्षेत्र: दो नशा तस्करों को 10-10 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) ने नशीला पदार्थ रखने पर जगजीत सिंह वासी सैनी माजरा जिला मोहाली पंजाब को 10 साल कारावास व 1 लाख 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 14 जनवरी 2023 को एंटी नारकोटिक सेल के उप निरीक्षक राजपाल,सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, मुख्य सिपाही बलदेव, सिपाही कृष्ण कुमार व संजीव कुमार की टीम उमरी चौक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। जगजीत सिंह व बलकार सिंह वासीयान सैनी माजरा मोहाली पंजाब को एन एच-44 फ्लाईओवर पीपली चौंक से ट्रक सहित काबू किया था। ट्रक की तलाशी लेने पर 54 किलोग्राम चूरापोस्त व 1 किलोग्राम अफीम बरामद हुई थी। आरोपियों के विरुद्ध थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था।

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी संदीप कुमार वासी हंडेसरा जिला मोहाली व अमनदीप सिंह वासी कुलदीप नगर जिला अंबाला को 10 साल कारावास व 1 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। 25 फरवरी 2019 को एंटी नारकोटिक सेल के मुख्य सिपाही हरप्रीत सिंह व कर्मबीर सिंह की टीम फ्लाई ओवर बाईपास कुरुक्षेत्र रोड पिहोवा पर मौजूद थी। संदीप कुमार वासी हंडेसरा जिला मोहाली व अमनदीप सिंह वासी कुलदीप नगर जिला अम्बाला को फ्लाई ओवर बाईपास कुरुक्षेत्र रोड पेहवा से ट्रक सहित काबू किया था। आरोपियों के ट्रक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 102 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ था। आरोपियों के विरुद्ध थाना पेहवा में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था तब से मामला विचाराधीन था। दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने 10 साल की सजा और जुर्माने की सजा सुनाई है।

## मंत्री विज ने निरीक्षण कर निर्माण एजेंसियों को दिशा-निर्देश दिए

**तीन बड़े प्रोजेक्ट का निर्माण जल्द होने वाला है पूरा**

# अंबाला को 200 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की सौगात, अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर के पहले चरण का निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के तीन बड़े प्रोजेक्ट अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर, नाइट फूड स्ट्रीट और फायर ब्रिगेड बिल्डिंग का निर्माण जल्द पूरा होने वाला है। इनके निर्माण पर करीब 200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्री अनिल विज ने इन प्रोजेक्ट्स के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए नगर परिषद अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा अंबाला छावनी की जनता की सुविधा हेतु इन तीन बड़े प्रोजेक्टों पर निर्माण कार्य चल रहा है। यह निर्माण अंतिम चरण में है। इनके पूरा होते ही जनता को इसका लाभ मिलगा और तीनों प्रोजेक्ट छावनी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। गौरतलब है कि अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर, नाइट फूड स्ट्रीट और फायर ब्रिगेड बिल्डिंग का निर्माण कार्य करोड़ों रुपये की लागत से किया जा रहा है जोकि अपने निर्माण के अंतिम चरणों में है। अटल मॉल एंड बैंक स्क्वेयर में पहले चरण के कार्य को जल्द पूरा किया जाए। लगभग 111 करोड़ रुपए की लागत से पहले चरण का कार्य पूरा होने वाला है जबकि दूसरे चरण के कार्य के टेंडर भी आगामी दिनों में जल्द अलॉट किए जाएंगे।



अंबाला। मंत्री अनिल विज अटल मॉल का निरीक्षण करते हुए।

### पहले चरण में भवन में 44 शोरूम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया

उन्होंने बताया कि पहले चरण में बन रहे भवन में 44 शोरूम का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बैंक स्क्वेयर में शोरूम की स्थिति की जानकारी लेने के लिए रोजाना आ रहे हैं। गौरतलब है कि प्रथम चरण के कार्य के तहत तीन मंजिला भवन में कुल 44 शोरूम बनकर तैयार है। इसमें पहले फ्लोर में 17 शोरूम, दूसरे फ्लोर में 14 और तीसरे फ्लोर में 13 शोरूम है। इसी प्रकार यहां लोगों की सुविधाओं के लिए चार अलग-अलग लिफ्ट है। बेसमेंट व ग्राउंड फ्लोर पर 317 कारों को एक साथ करने के लिए पार्किंग सुविधा है। यहां 70 किलो लीटर प्रतिदिन का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) है।

# 1.90 लाख की लूट में नेता से 61 लाख की रिवकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बिहार के समस्तीपुर जिले के पूर्व नेता व उसके दो सहयोगियों की ओर से की गई 1.90 करोड़ की लूट में से 61 लाख रुपये की नकदी व गहनों की बरामदगी हुई है। जीआरपी की टीम जांच के बाद बिहार से लौट आई है। एसपी रेलवे नितिका गहलोत ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों का रिमांड बुधवार को खत्म हो गया। उन्होंने बताया कि ऐसे में तथ्यों और बरामद की गई नकदी सहित गहनों की रिकवरी को आधार बनाकर दोबारा कोर्ट से रिमांड मांगा जाएगा ताकि मामले की पूरी गहनता से जांच-पड़ताल हो सके। दरअसल खन्ना के लोहे के व्यापारी सुरेश जोशी की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज किया था। पीड़ित ने बताया था कि वो दो बैग में नकदी लेकर अपने चाचा के साथ ट्रेन नंबर 15707 आम्रपाली में समस्तीपुर से अंबाला आ रहे थे। ट्रेन के अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से पहले ही चार से पांच युवक उनके पास आए और उन्होंने खुद को एसटीएफ के कर्मचारी बताया। उन्होंने डरा-धमकाकर बैग छीन लिए। जब सुरेश जोशी ने आरोपियों की तलाश की तो वो नहीं मिले क्योंकि वो नकदी से भरी राशि को लेकर आरोपी बीच रास्ते उतर गए थे। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी अंबाला जीआरपी को दी। इस मामले में जीआरपी ने पंकज कुमार, कौशल कुमार व रजनीश को समस्तीपुर से गिरफ्तार किया था।

## खबर संक्षेप



करनाल। ज्ञापन सौंपते नॉन टीचिंग कर्मचारी प्रतिनिधि।

### एचकेआरएन कर्मियों ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**करनाल।** नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ के बैनर तले महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों ने कुलपति और जिला सचिवालय में सीटीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। भारतीय मजदूर संघ के जिला सचिव महिंद्र सिंह नरवाल ने कर्मचारियों की मांगों को विस्तार से रखा। ज्ञापन में सेवा सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत सभी एचकेआरएन कर्मचारियों को शामिल करने, अनुभव विवरण में सुधार, डिस्पेंसरी व निःशुल्क चिकित्सा सुविधा तथा पोर्टल से हटाए गए नामों को पुनः जोड़ने की मांग की गई। अधिकारियों ने कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

### नशा मुक्ति पर पुलिस अधिकारियों की गोष्ठी



**करनाल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल डॉ. एम. रवि किरण की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में अपराध, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक विषयों को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में करनाल, कैथल और पानीपत के पुलिस अधीक्षक व सहायक पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में संगठित अपराध, संपत्ति से जुड़े अपराध, साइबर अपराध, सड़क दुर्घटनाएं और नशा मुक्त अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए और गांव व वार्डों को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जाए। उन्होंने शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार और मामलों के शीघ्र निपटारे के भी निर्देश दिए।

### जिला स्तरीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी आज से

**करनाल।** डाकघरों के करनाल मंडल के वरिष्ठ अधीक्षक पंकज कुमार मीना ने बताया कि करनाल में 29 और 30 जनवरी को जिला स्तरीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी का आयोजन गुरु नानक खालसा कॉलेज के परिसर में होगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन हरियाणा सर्कल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल सचिन किशोर करेंगे, जबकि कार्यक्रम में हरियाणा सर्कल डाक सेवाओं की निदेशक राधिका धीर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को डाक टिकटों के माध्यम से इतिहास, संस्कृति और विरासत के प्रति जागरूक करना है। प्रदर्शनी में दुर्लभ एवं आकर्षक डाक टिकट, विशेष आवरण, स्मृति चिह्न तथा अन्य डाक टिकट संग्रह से जुड़ी सामग्री प्रदर्शित की जाएगी।

# स्कूली बसों की जांच में सुरक्षा मानकों की अनदेखी उजागर

## नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- जांच अभियान आगे भी रहेगा जारी : एसडीएम

एसडीएम करनाल प्रदीप कुमार के आदेशानुसार स्कूली बसों की सुरक्षा मानकों की जांच के लिए गठित विशेष टीम ने बुधवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में निरीक्षण किया। जांच के दौरान बसों के दस्तावेज, फिटनेस प्रमाण पत्र, प्राथमिक उपचार किट और अग्निशमन यंत्रों की गहनता से पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान कई बसों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और तकनीकी खामियां पाई गईं। नियमों का उल्लंघन करने वाली बसों पर मौके पर ही ऑनलाइन चालान किए गए। एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्कूल प्रबंधनों को निर्देश दिए कि सभी बसें परिवहन विभाग के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों।



करनाल। स्कूली बसों की जांच करती विशेष टीम। *फोटो : हरिभूमि न्यूज*

### स्कूलों में साइबर अपराध व सामाजिक कुरीतियों पर जागरूकता

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मधुबन व कम्बोपुरा के स्कूलों में आयोजन

*करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन और सी एन सी हाई स्कूल कम्बोपुरा में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि विद्यार्थियों और आमजन को कानून संबंधी विषयों पर जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में निरंतर ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर के दौरान इंस्पेक्टर राजेश लता ने विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति से फोन पर बातचीत में विश्वास न करें, बिना जांच पड़ताल किसी लिंक पर क्लिक न करें और घबराहट में पैसे का लेन-देन न करें। इसके साथ ही बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और मोबाइल पर प्राप्त ओ टी पी किसी के साथ साझा न करने की अपील की। उन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और ऐसे मामलों की सूचना संबंधित विभागों को देने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया।*

### कॉलोनियों से कूड़ा उठान के लिए डोर टू डोर व्यवस्था

- नगर निगम आयुक्त ने एजेंसी व कॉलोनाइजरों को दिए स्पष्ट निर्देश

**करनाल।** नगर निगम करनाल आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि शहर की निजी कॉलोनियों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा अब नगर निगम की एजेंसी सुगम स्वच्छता द्वारा डोर टू डोर उठाया जाएगा। यह निर्देश उन्होंने रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन और निजी कॉलोनाइजरों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी कॉलोनियों से रैग पिकर्स द्वारा कूड़ा एकत्र किया जा रहा है, जिसका नियमानुसार निस्तारण नहीं हो पा रहा। इससे शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

आयुक्त ने सुगम स्वच्छता एजेंसी को निजी कॉलोनियों के लिए अलग से कार्य योजना तैयार करने और कॉलोनाइजरों व आर डब्ल्यू ए प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुमंजिला कॉलोनियों में कूड़ा एकत्र करने के लिए एक निश्चित स्थान चिन्हित किया जाए। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर सहित बड़ी संख्या में प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में पारदर्शिता पर जोर



करनाल। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक करते प्रशासनिक अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- एसडीएम प्रदीप कुमार ने राजनीतिक दलों से शीघ्र बीएलए नियुक्त करने के दिए निर्देश

एसडीएम प्रदीप कुमार ने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा वर्ष दो हजार चौबीस की मतदाता सूची का मिलान वर्ष दो हजार दो की सूची के साथ बीएलओ ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए शीघ्र अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर उनके फॉर्म जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाएं।

एसडीएम बुधवार को अपने कार्यालय में विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की गई। आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में मौजूद धुंधली अथवा श्वेत-श्याम तस्वीरों को रंगीन तस्वीरों से बदला जाएगा, जिसके लिए फॉर्म नंबर आठ भरवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक जैसे नाम और पिता के नाम वाले मतदाताओं का सत्यापन भी बीएलओ के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई मतदाता दो हजार दो के बाद अन्य स्थान पर स्थानांतरित हुआ है, तो वह अपना पुराना रिकॉर्ड अवश्य प्रस्तुत करे।

इस अवसर पर एसडीएम असंध राहुल, एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा, चुनाव कानूनगो नीलम एवं अमित, इनलो से सुरजीत संधू, बीएसपी से रामफल एवं रामदास तथा कांग्रेस से आनंद चौहान मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति व मतदाता जागरूकता पर छात्राओं ने दिया सशक्त संदेश

- कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अंतर-महाविद्यालयी प्रतियोगिता व रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। अंतर-महाविद्यालयी प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं।

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय करनाल में राजनीति विज्ञान विभाग, नशा मुक्ति जागरूकता प्रकोष्ठ, यूथ रेड क्रॉस एवं सोशल साइंस फोरम के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता विषयों पर अंतर-महाविद्यालयी पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति नशा-मुक्त समाज और जागरूक लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने छात्राओं से स्वयं जागरूक नागरिक बनने और दूसरों को भी मतदान के महत्व तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया।

प्रतियोगिता में छात्राओं ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर आत्मविश्वास एवं तथ्यात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में जेसिका मान ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय तथा अकालजोत एवं शांभवी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जागरूकता रैली में छात्राओं ने प्रभावशाली नारों के माध्यम से नशा-मुक्त जीवन और जिम्मेदार मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अनुराधा नागिया एवं डॉ. दीप्ति शर्मा द्वारा किया गया। संकाय सदस्यों हिमांशु एवं प्रीति का भी विशेष योगदान रहा।

### स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारी, कला उद्भव प्रतियोगिता कल

**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार पच्चीस-छब्बीस की तैयारियों के तहत नगर निगम करनाल द्वारा तीस जनवरी को कला उद्भव प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सेक्टर आठ स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित की जाएगी। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकल विषय के अंतर्गत कचरे के अवशेषों से पोस्टर एवं चित्रकला करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थी अपनी रचनात्मक सोच को चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। प्रतियोगिता का समय प्रातः दस बजे से दोपहर बारह बजे तक रहेगा तथा परिणाम दोपहर दो बजे घोषित किए जाएंगे। आयुक्त ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल के अधिकतम ढाई सौ विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रत्येक स्कूल से कक्षा छठी से

## 15 को निकलेगी शोभायात्रा

# महाशिवरात्रि की तैयारियां तेज शहर में निकल रहीं प्रभातफेरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर करनाल शहर में धार्मिक माहौल बनने लगा है। श्री सनातन धर्म शिव मंदिर सभा, पुराना सर्राफा बाजार करनाल की ओर से 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

यह शोभायात्रा रामलीला मैदान से आरंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई शिव मंदिर सर्राफा बाजार में संपन्न होगी। बुधवार को प्रभातफेरी दयाल सिंह कॉलोनी, दुग्गल कॉलोनी, जरनैली कॉलोनी एवं अशोका कॉलोनी पहुंची।

ढोल की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालु पालकी के साथ चलते नजर आए। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया और हर-हर महादेव के जयकारों से गलियां गूंज उठीं। सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि एक फरवरी से तेरह फरवरी तक सांग एवं रागिणी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



करनाल। प्रभातफेरी में पालकी के साथ चलते श्रद्धालु।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर अंकुर, मन्नी जायसवाल, कुलभूषण, ओमप्रकाश, संजू, संजय, लवली, बाबू, संजीव, गौरव, पूनम, रोशनी, मनीषा, रेखा, जयभगवान, हुकम एवं बबल अलबेला सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अवैध कटों को लेकर सख्त कार्रवाई

*करनाल। घरौंडा क्षेत्र के नेशनल हाईवे चवालीस पर खुले अवैध कटों को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सड़क सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। एनएचएआई अंबाला में घटना प्रबंधन अधिकारी के पद पर तैनात धीरेंद्र शर्मा ने घरौंडा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एनएच चवालीस पर कुछ ढाबा मालिक और पेट्रोल पंप संचालक अपने व्यवसाय के लिए अवैध कट खोल रहे हैं। प्राधिकरण द्वारा बार-बार इन कटों को बंद कराने के बावजूद दोबारा इन्हें खोल दिया जाता है। शिकायत में बताया गया कि इन अवैध कटों के कारण हाईवे पर तेज गति से चलने वाले वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और अचानक मुड़ने वाले वाहनों से गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इससे न केवल यात्रियों बल्कि स्थानीय लोगों की जान भी जोखिम में पड़ रही है। एनएचएआई ने शिकायत के साथ अवैध कटों की तस्वीरें भी संलग्न की हैं। घरौंडा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि जांच के दौरान सभी तथ्यों की पड़ताल की जाएगी और दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। एनएचएआई की ओर से ढाबा और पेट्रोल पंप संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।*

# निसिंग व कुंजपुरा क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- ट्रक से धान की दर्जनों बोरियां चोरी, औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्री से कीमती सामान ले गए चोर

करनाल जिले के निसिंग और कुंजपुरा थाना क्षेत्रों में चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। एक मामले में ट्रक से धान की दर्जनों बोरियां चोरी हो गईं, जबकि दूसरे मामले में अज्ञात चोरों ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री का ताला तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

दिल्ली निवासी हरजीत सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह ट्रक चालक है। 25 जनवरी को वह धान लोड कर हरियाणा राइस मिल निसिंग पहुंचा था। राइस मिल के बाहर मुख्य सड़क पर ट्रक खड़ा कर वह रात को वहीं सो गया। सुबह जब उसकी आंख खुली तो देखा कि ट्रक से करीब छियासठ से सड़सठ धान की बोरियां चोरी हो चुकी थीं। चोरी का पता चलने के बाद उसने अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। इसके बाद उसने निसिंग थाना पुलिस को शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कुंजपुरा थाना क्षेत्र की है। नेवल निवासी बरयान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुंजपुरा रोड पर हवाई अड्डे के नजदीक उसकी राधे कृष्ण इंडस्ट्रीज नामक फैक्ट्री है। 12 जनवरी की रात करीब दो से ढाई बजे के बीच अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री के कार्यालय का ताला तोड़ दिया। चोर फैक्ट्री से एलईडी, सीसीटीवी सेट, डीवीआर, रूम हीटर, टूल पंप मोटर, गैस सिलेंडर रेगुलेटर व पाइप, इन्वर्टर सेट बैटरी सहित कई अन्य सामान चोरी कर ले गए।

## न्यूज डायरी

### आशा वर्कर्स ने हड़ताल की तैयारी तेज की



**करनाल।** आशा वर्करों ने आगामी राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अधिकारियों को हड़ताल के नोटिस सौंपे जा रहे हैं। इंद्री ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में जिला सचिव सुदेश रानी और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि आशा वर्कर लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं, लेकिन उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिल रहा। ऑनलाइन कार्य का दबाव बढ़ने से नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग द्वारा आशा वर्करों को मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है तथा मानदेय रोके जाने की धमकी दी जाती है। पूर्व में हुए समझौते के अनुसार हड़ताल अवधि का मानदेय न दिए जाने पर भी रोष व्यक्त किया गया।

### कुष्ठ रोगियों को राहत सामग्री वितरित

**करनाल।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी एवं महासचिव डॉ. सुनील कुमार के दिशा-निर्देशानुसार बुधवार को जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल द्वारा इन्द्रा चक्रवर्ती ग्राम स्थित कुष्ठ आश्रम में राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान आश्रम में निवास कर रहे 56 जरूरतमंद परिवारों को बर्तन सेट, बाल्टी-मग एवं कंबल प्रदान किए गए। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि राज्य शाखा द्वारा कुष्ठ रोगियों को सर्दी से बचाव एवं दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह सामग्री उपलब्ध करवाई गई है, जो एक सराहनीय एवं मानवीय पहल है। इस अवसर पर हिन्द कुष्ठ निवारण संघ से दीपिका कादयान एवं सुनीता कावाज तथा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी करनाल से राजपाल चौधरी, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार एवं अशोक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### रविदास जयंती पर उमरी में होगा महाकुंभ : पंवार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती पर महाकुंभ होगा। गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के उमरी में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार स्वयं करेंगे। इस समारोह में प्रदेशभर से भारी संख्या में भीड़ उमड़ेगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को कुरुक्षेत्र के उमरी में समारोह स्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पुनिया, ने उमरी कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया।

## रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम

# यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

- दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त सौजन्य से यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पार्क सेक्टर सात से यातायात विशेषज्ञ दीपा अरोड़ा ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

दीपा अरोड़ा ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, क्योंकि यह उनके जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी नाबालिग वाहन न चलाए, रेड लाइट का उल्लंघन न करें तथा सीट बेल्ट और दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने शराब पीकर वाहन न चलाने की भी सख्त हिदायत दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने कहा कि विदेशों में यातायात नियम बहुत सख्ती से लागू किए जाते हैं और लोग स्वयं नियमों का पालन करते हैं। उन्होंने कनाडा और अमेरिका के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां सड़कों पर जाम और दुर्घटनाएं अत्यंत कम हैं। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



करनाल। कॉलेज में यातायात नियमों पर विद्यार्थियों सम्मानित करते स्टाफ।

### दीपा अरोड़ा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित

रोड सेफ्टी क्लब के इंचार्ज डॉ. देवी भूषण ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। मंच संचालन डॉ. बीर सिंह ने किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य रणजीत सिंह मान ने दीपा अरोड़ा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. दीपक, डॉ. कृष्ण राम, प्रो. प्रदीप, प्रो. रमन भट्टी, डॉ. बलजीत कौर, प्रो. चेष्टा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### केयू में विज्ञान सम्मेलन का आगाज आज से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के श्रीमद्भगवद्गीता सदन में केयू एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद, हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में ह्विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जीवन को सशक्त बनाना : एक सतत भविष्य की ओर अभूतपूर्व प्रगतिह्व विषय दो दिवसीय विज्ञान सम्मेलन 2026 का शुभारम्भ गुरुवार को प्रातः 10 बजे होगा। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धमार्णी बतौर मुख्यातिथि व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, मोहाली के प्रो. अरविन्द बतौर मुख्य वक्ता अपना वक्तव्य देंगे। केयू लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि सम्मेलन में विज्ञान एवं तकनीक का जीवन को सुगम बनाने को लेकर विद्वतजन मंथन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**पानीपत।** पानीपत र की खटीक बस्ती में 24 वर्षीय विवाहिता नरगिस पत्नी फरमान का शव उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला। इधर, नरगिस के मायके वालों ने ससुराल वालों ने नरगिश को मार कर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाते हुए बताया कि नरगिस की शादी करीब दो साल पहले फरमान से हुई थी। वहीं सुसराल वाले नरगिस के साथ कलह रखते थे। इधर, पुलिस व एफएसएल की टीम ने शव व घटनास्थल जांच व विवाहिता के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया।

### किसान के बैंक खाते से 5.87 लाख निकाले

**समालखा।** पानीपत में साइबर अपराधियों ने अब 'सिम स्वाइप' या तकनीकी सेंधमारी के जरिए कर्ण सिंह निवासी गांव भोड़वाल माजरी जिला पानीपत के समालखा स्थित एचडीएफसी बैंक के खाते से 587860 रुपये की राशि नकाल ली। इधर, कर्ण सिंह के पुत्र नीरज ने की शिकायत पर थाना साइबर पुलिस ने अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, साइबर क्राइम थाना के प्रबंधक ने बताया कि नीरज की शिकायत पर उसके पिता कर्ण के बैंक खाते से नगदी निकाले जाने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी पकड़ा

**समालखा।** समालखा चौकी पुलिस टीम ने जीटी रोड पर हथवाला मोड़ के पास अंकित पुत्र फूल सिंह निवासी बरोदा जिला सोनीपत को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी अनिल ने बताया कि आरोपी अंकित ने उक्त बाइक 26 जनवरी की रात को समालखा में आरके न्यू बोर्न चिल्ड्रन हास्पिटल के बाहर से चोरी करना स्वीकारा है। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में चुलकाना निवासी मनोज की शिकायत पर केस दर्ज है।

### लाखों की ठगी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव अहर निवासी दो भाईयों को अमेरिका भेजने का झांसा देकर 54.75 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी चंचल रॉय निवासी कन्हन नागपुर महाराष्ट्र को गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। वहीं, उरलाना चौकी इंचार्ज रोबिन ने बताया कि चंचल को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। वहीं, इस मामले में गांव अहर निवासी धर्मबीर की शिकायत पर के दर्ज है।

### पुलिस ने चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने डाहर गोल चक्कर के पास स्थित प्लास्टिक फैक्टरी से बिजली की तार, उपकरण व मोबाइल चोरी करने के दो आरोपियों साहिल पुत्र रोहताश व विकास पुत्र अतर सिंह निवासी गांव डाहर को गिरफ्तार किया। इधर, थानेदार महिपाल ने बताया कि चोरी के इस मामले में विकास पुत्र नंदलाल निवासी गोहाना जिला सोनीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने अहर व छिछड़ाना गांव में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने इस दौरान नशे के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान बारे विस्तार से बताया। नशे की लत युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी रोकना चाहिए।

### महेश दत्त शर्मा को श्रद्धांजलि दी

**समालखा।** गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश, पट्टीकल्याणा के पूर्व अध्यक्ष स्व.महेश दत्त शर्मा को उनकी नौवीं पुण्यतिथि पर यज्ञ कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ खादी समिति के संयोजक अशोक कुमार शरण, किरण शरण, हेमलता रावत, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## देश के युवा संस्कृति से जुड़ें

# संगीत-नृत्य में है जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान : चटर्जी



पानीपत। एसडी कॉलेज में अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा। फोटो : हरिभूमि

**भारत संस्कृति यात्रा शास्त्रीय संगीत-कला से युवाओं को जोड़ने का सशक्त प्रयासः पोद्दार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं हरियाणा कला परिषद के सहयोग से भारत संस्कृति यात्रा का विधिवत और सारगर्भित आगाज हुआ। हरियाणा कला परिषद की ओर से कार्यक्रम में परिषद् के निदेशक नागेंद्र शर्मा ने शिरकत की तथा हरियाणा कला परिषद की ओर से कलाकारों का स्वागत किया। कार्यक्रम में श्री एसडी एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान अनूप कुमार सोसायटी के सचिव नरेश गोयल, एस.डी कॉलेज के प्रधान दिनेश गोयल, महासचिव महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल तथा प्राचार्य डॉक्टर अनुपम अरोड़ा ने सभी कलाकारों को अंग वस्त्र व शाल देकर उनका स्वागत सम्मान किया। संगीत-नृत्य में जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान है। इधर, कार्यक्रम में पंडित अजय प्रसन्ना भारत के श्रेष्ठ बांसुरी वादकों में एक प्रतिष्ठित नाम है। वहीं, प्रसन्ना तीन बार विश्व के सबसे बड़े ग्रैमी अवार्ड से के लिए नामित हो चुके हैं। उन्होंने शास्त्रीय राग सारंग को बांसुरी वादन से प्रस्तुत किया। देश का युवा देश की संस्कृति से जुड़े समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

वहीं, लखनऊ घराने से संबंधित राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रतिष्ठित नृत्यांगना संगीता चटर्जी कत्थक विद्या में तीन नृत्य मां दुर्गा स्तुति, शास्त्रीय कत्थक तीन ताल और वर्षा ऋतु आगमन प्रस्तुत किए। जबकि कोलकत्ता से पधार पंडित प्रोसंन्जीत पोद्दार भारत के अति वरिष्ठ एवं विशिष्ट तबला वादक ने प्रसन्ना के साथ जुगलबंदी की और तबले की धमक व मधुर ध्वनियों से दर्शकों का मन स्पंदन किया। इधर, पंडित आरडी कैलेशास्त्रीय ने अपनी मधुर आवाज, सुरों की शुद्धता और भावपूर्ण गायन से सभागार में शास्त्रीय संगीत की अद्भुत अनुभूति कराई। जबकि पंडित उजिथ उदय कुमार ने अपने कलात्मक तबला वादक से पूरे कार्यक्रम को विशेष बना दिया।भारत संस्कृति यात्रा शास्त्रीय संगीत-कला से युवाओं को जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

## टेक्सटाइल उद्यमियों की हर समस्या का हल होगा : सांसद

# कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री ने सुनीं उद्यमियों की समस्याएं

- एक से चार मई को दिल्ली में होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव को लेकर विचार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पर्व टैक्स इंड़िया गांव बापौली में सनौली-बापौली ब्लॉक सहित जिले के कंबल, चादर फैक्टरियों के व्यापरियों की बैठक मुख्याथिति कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल के साथ हुई। वहीं सांसद खंडेलवाल ने कहा कि देश और प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा एवं सम्मान की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। वहीं, एक से चार मई को दिल्ली में होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव को लेकर विचार से चर्चा की हैं। वहीं, सांसद खंडेलवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार, व्यापारियों के लिए मेक इन इंडिया तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने पर जोर दिया। इधर, पानीपत के टेक्सटाइल उद्यमियों ने सांसद प्रवीण खंडेलवाल को ज्ञापन देकर जीएसटी व प्रदूषण की आड लेकर उद्यमियों के उत्पीड़न पर रोक लगवाने, व्यापारी को पेंशन योजना का लाभ देने, माल के स्टॉक का बीमा करने की मांग की। इस अवसर पर विनोद गुप्ता, संदीप गर्ग, नवीन बंसल, श्रीभगवान बंसल, उत्तम गुप्ता, नरेश गुप्ता, राजकुमल गुप्ता, गोपाल गर्ग, रोहित, पंकज बंसल, विशाल गर्ग, विकास गुप्ता, अंकित गुप्ता, विपूल त्यागी, मन्ना सचदेवा, प्रवीन आदि उद्यमी उपस्थित रहे।



पानीपत। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महामंत्री व सांसद प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत करते हुए उद्यमी। फोटो : हरिभूमि

### अल्ट्रासाउंड केंद्रों के केसों पर चर्चा की

**पानीपत।** जिला सिविल सर्जन कार्यालय में बुधवार को जिला सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक चेयरमैन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शशी लता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के अंतर्गत अल्ट्रासाउंड केंद्रों, मशीनों एवं चिकित्सकों से जुड़े मामलों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में पीएनडीटी नोडल ऑफिसर डॉ. अभय वत्स, डॉ. ललित कुंडू, कैथोलॉजिस्ट डॉ. सोनम, सतीश आदि उपस्थित रहे।

### कला कार्यशाला आयोजित

**पानीपत।** एनएबीएच के अंतर्गत नंदनी भुगरा आर्ट स्टूडियो द्वारा पानीपत में राष्ट्रीय कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संतोष सहानी विभागाध्यक्ष आरबीबीएसयू देहरादून, अनुपम पाठक दिल्ली, राजपाल कालिया पानीपत, वीरेंद्र वर्मा करनाल, बॉबी राजवंशी, रवि शंकर, सुजीत यादव, गुलाफ्शा अली, पारस मल्होत्रा, समीर सिद्दीकी, आयुष रावत, आराध्य कौशिक, शिवराज सरवटे, मिथलेश प्रजापति, हरदीप, सूर्यांश, दीपिका आदि ने शिरकत की।

### मतदाताओं को जागरूक किया

**पानीपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मेरा युवा भारत (माई भारत) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, पानीपत द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं विशेषकर प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था। वहीं, कार्यक्रम के अंतर्गत माई भारत - माई वोट थीम पर पदयात्रा निकाल कर सभी प्रतिभागियों को मतदाता की शपथ दिलाई गई।

# बसंत ऋतु का सृष्टि में सांस्कृतिक व रचनात्मक महत्व

- आईबी कॉलेज में संगीत के विशाल कार्यक्रम के साथ बंसत ऋतु का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज में बसंत उत्सव में मेधावी विद्यार्थी प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक के साथ। फोटो : हरिभूमि

आईबीपीजी कॉलेज में बसंत उत्सव के उपलक्ष्य में संगीत (वोकल एवं इंस्ट्रुमेंटल) विभाग द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात गायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. मोनिका सोनी ने सभी अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बसंत ऋतु के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय ऑर्केस्ट्रा, सरस्वती वंदना, भजन, शबद तथा सितार वादन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। तबला संगति में अमन कुमार ने सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर उप-प्राचार्या डॉ. किरण मदान, डॉ. निधान सिंह डॉ. सीमा विशाल यादव डॉ. भगवंत कौर प्रो. खुशबू, डॉ. नेहा पुनिया, प्रो नीतू आदि उपस्थित रहे।


# विश्व गुरु बनने की राह पर है भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के जीटी रोड स्थित गांव सिवाह में गणतंत्र दिवस पर सरपंच एवं आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने गांव सिवाह के ग्राम सचिवालय, अंबेडकर भवन और लड़के व लड़कियों के दोनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में ध्वजारोहण किया। दोनो स्कूलों में आयोजित समारोह में रणदीप कादियान को दोनो प्रिंसीपलों व स्टाफ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रणदीप कादियान ने कहा कि गणतंत्र दिवस देश वासियों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मौलिक अधिकार दिए। यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने दुनिया में एक बड़ी शक्ति के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने दावा किया भारत विश्व गुरू बनने की राह पर है। उन्होंने हर वर्ग से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वदेशी के बल पर ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर सीएम विंडो ऐमिनेंट पर्सन सुरेश कादियान, पंच जयदीप कादियान नंबरदार, राजकुमार राजु कादियान ठेकेदार, मुकेश, धर्मबीर, मास्टर सुभाष समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



पानीपत। गांव सिवाह में ध्वजारोहण करते हुए आर्य रणदीप कादियान। फोटो : हरिभूमि



### समाज सेविका सविता को सम्मानित किया

**पानीपत।** गुणतंत्र दिवस पर हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने समाज की उत्कृष्ठ सेवा करने वाली समाजसेवी व नारी तू नारायणी की अध्यक्ष सविता आर्य को सम्मानित किया। इससे पहले भी सविता समाज की उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित हो चुकी है। इधर, मंत्री पंवार ने समाज सेविका, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता, इनर व्हील क्लब की चार्टेड प्रेजीडेंट एवं नारी कल्याण समिति की अध्यक्षा कंचन सागर को भी सम्मानित किया।

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया**

# अनुशासित मेहनत बनाती है सफलता की राहः राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत के गांव कवी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान राजीव कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। जबकि विद्यार्थियों ने देशभक्ति से लबरेज सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इधर, मुख्यातिथि राजीव ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन में रह कर मेहनत करते हुए सफल इंसान बनना चाहिए।

इस अवसर पर प्राचार्य सुरेश दलाल, राजकुमार, अशोक सोलंकी, अजित, ललिता, आशा रानी, सोमदत्त शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पेंटिंग बनाने में चांदनी प्रथम

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव निजामपुर में पानीपत एलिवेटेड कॉरिडोर प्राइवेट लिमिटेड ने रोड सेफ्टी और यातायात के नियमों का पालन करें विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई। जिसमें प्रथम चांदनी गुप्ता, दूसरा स्थान श्रवण कुमार तथा तीसरा स्थान दीपांजलि ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### टीटीई हत्याकांड में पांच दोषी करार

**पानीपत।** जिला एवं सत्र अदालत संदीप सिंह की अदालत ने पांच अक्टूबर सन 2022 को सनौली रोड पर रेलवे टीटीई मनप्रीत मलिक की हत्या व मनीष निवासी गांव उग्राखेडी जिला पानीपत पर जानलेवा हमले के पांच आरोपियों नीतीश, जयकरण उर्फ भुल्लर, कार्तिक उर्फ नीरज उर्फ पाती, सचिन उर्फ चीनू, कपिल को दोषी करार दिया है। जज सिंह की कोर्ट दोषियों पर वीरवार को सजा सुनाएगी। इस मामले में थाना चांदनी बाग में केस दर्ज है। इधर पुलिस ने पांचों दोषियों को जज सिंह की अदालत द्वारा दोषी करार दिए जाने पर गिरफ्तार कर लिया है। पांचों को वीरवार को सजा होने पर पानीपत जेल भेजा जाएगा।

### देवी का पार्थिव शरीर दान किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह निवासी देवी जैन का निर्धन हो गया। वहीं देवी जैन की इच्छा के अनुसार उनके पुत्र नवीन कुमार जैन, संदीप कुमार जैन ने अपनी माता की पार्थिक देह को दिल्ली एम्स हॉस्पिटल को मेडिकल रिसर्च के लिए दान किया।

## यूजीसी की सामाजिक विभाजनकारी नीतियों को बदलवाए सरकार

# यूजीसी के नए नियम सामाजिक समानता के विरुद्ध : डॉ. नैन

**सरकार से निवेदन है कि इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे वापस लें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा वर्तमान सरकार की यूजीसी के नए नियम को लेकर व्यापक तौर पर स्वर्ण जातियों में विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। डॉ. नैन ने कहा यूजीसी के नए नियम भविष्य में जाट समाज और अन्य स्वर्ण समाज के युवाओं के हितों को प्रभावित कर सकते हैं। इस तरीके का नियम समानता के अधिकार का हनन कर रहा है ओर पूर्णता संविधान विरोधी भी है। यूजीसी के नए नियम विश्वविद्यालय में समानता नहीं बल्कि समाज की विभाजनकारी सोच को पोषित करेगी। सरकार को इस तरीके के कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त करना चाहिए और ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जो सर्व समाज के हितों के छात्रों को संरक्षण प्रदान करता हो। डॉ.नवीन नैन भालसी ने सरकार से सवाल किया कि शिक्षा का उद्देश्य अवसर देना है। सरकार से निवेदन है कि इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे वापस लें, अन्यथा अंतराष्ट्रीय जाट संसद सड़कों पर उतरकर अपना विरोध व्यक्त करेगी।



अंतरराज्यी जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ.नवीन नैन भालसी

# भारतीय ध्वज में तीन नहीं पांच रंग

- सभी कलमकारों का स्वागत एवं धन्यवाद मंच के संयोजिका सोनिया सोनम 'अक्स' ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अंकन साहित्यिक मंच की ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में भाग लेते कविगण।

अंकन साहित्यिक मंच की ओर से ऑनलाइन काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता मंच संरक्षक डॉ. एपी जैन ने की। जबकि मुख्य अतिथि हरिद्वार से गीतकार भूदत्त शर्मा व सूत्रधार असंघ से भारत भूषण वर्मा रहे। सभी कलमकारों का स्वागत एवं धन्यवाद मंच के संयोजिका सोनिया सोनम 'अक्स' ने किया। वहीं, भूदत्त शर्मा ने सुनाया कि ऋतुराज के शुभ स्वागतम की हो रही तैयारियां, पीली चूनर ओढ़ वसुधा ले रही अंगड़ाइयां। भारत भूषण वर्मा ने सुनाया कि संविधान की याद में गणतंत्र महापर्व, 'भूषण' पावन पर्व पे भारत को है गर्व। दीनदयाल दीक्षित दीन ने सुनाया कि शीत की लगी है बाढ़, शून्य हुए सारे हाड़, बाजते हैं दांत दाढ़, कांपता शरीर है। मंजुला श्रीवास्तव ने सुनाया कि सर्व धर्म सौहार्द से, है गणतंत्र महान, भीमराव ने देश को, सुंदर दिया विधान। डॉ. एपी जैन ने सुनाया कि भारतीय ध्वज में तीन नहीं पांच रंग हैं, एक चिंतक ने बताया, केसरिया, सफ़ेद, हरा शक्ति, शांति, समृद्धि के प्रतीक हैं, समझाया, चौथा रंग नीला 24 तिल्लियों वाला अशोक चक्र, धर्म व विधि चक्र है, पांचवा रंग छिपा शहीदी रंग ख़ून का है, जिसने निडर भारत का आधार बनाया। वहीं, सोनिया सोनम अक्स ने सुनाया कि ये न सोचो वतन ने हमें क्या दिया, तुम यह देखो वतन को दिया हमने क्या। नरेश लाभ ने सुनाया कि आह्लादित कलियां मधुबन की, बांट रही है प्यार। मीनू दहेजा ने सुनाया कि मैंने देखे अलग-अलग बिम्ब अपने ही। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद ने भी अपनी प्रस्तुति से प्रभावित किया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सुलेख चन्द पुत्र श्री आत्मा राम निवासी मकान नम्बर 64/4, पानीपत।**

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि सुलेख चन्द पुत्र श्री आत्मा राम निवासी मकान नम्बर 64/4, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री आत्मा राम पुत्र श्री बैजनाथ पुत्र श्री भानामल निवासी मकान नम्बर 65/4, पानीपत की दिनांक 03-06-1981 को मृत्यु हो चुकी है। और आत्मा राम जी की धर्मपत्नी श्रीमति विध्यावती जी की दिनांक 28-01-1980 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम आत्मा राम जी को माता श्रीमति राजो देवी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गवे हैं। नवल जिन्दल वार्ड नम्बर 9. नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्हीं वारसान की तसदीक की गई है:- 1- महेन्द्र कुमार पुत्र (मृतक), 2- सुलेख चन्द पुत्र श्री आत्मा राम पुत्र श्री बैजनाथ वानि कुल 2 ही वारिस है। उपरोक्त वारसान में से महेन्द्र कुमार जी की दिनांक 03-05-2011 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम महेन्द्र कुमार जी की माता श्रीमति विध्यावती जी की भी दिनांक 28-01-1980 को मृत्यु हो चुकी है। 1- मंजु रानी विधवा 2- रमेश कुमार पुत्र 3 पुनित कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार यानि कुल 3 ही वारिस है इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिस नहीं है। इनके ईलावा मृतक आत्मा राम पुत्र श्री बैजनाथ पुत्र श्री भानामल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 20 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13.01.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

## खबर संक्षेप

### लैपटॉप चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज एक्टिवा व लैपटॉप चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार किया है। सेठी नगर के अजय ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 जनवरी 2026 को सेठी नगर से आरोपी ने स्कूटी से उसका लैपटॉप चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार उर्फ मिस्सी को गिरफ्तार किया है। परिवादी लतिका मंहत ने 19 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 जनवरी 2026 को आरोपी मनीष कुमार उर्फ मिस्सी व अन्य ने न्यू विष्णु विहार सिंघावाला में स्थित उसके घर में घुसकर उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर पुलिस ने विदेश भेजने के मामले में धोखाधड़ी करने के आरोपी वरूण को गिरफ्तार किया है।दयालबाग के आदिश जैन ने 2 जून 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2018 से 2 जून 2023 के दौरान आरोपी ने उसे विदेश भेजने के नाम पर उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़प ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं।

### पुलिस ने धमकी देने का आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी ऋतिक को गिरफ्तार किया है। कलालटी के रणजीत सिंह ने 1 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अगस्त 2025 को गांव कलालटी में आरोपी ऋतिक व अन्य ने उससे मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी दी

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में प्राचार्य सत्यवान मलिक जी की अध्यक्षता में कार्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सही उपयोग विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं गैरशिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

**जींद।** हरियाणा सरकार महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हरियाणा मातृ शक्ति उद्यमिता योजना चला रही है। इसके तहत हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से पात्र महिलाओं को बैंकों द्वारा पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि योजना के अंतर्गत महिलाएं ऑटो व ई रिक्शा, टैक्सी, सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बिस्कुट बनाने जैसे अनेक कार्य शुरू कर सकती हैं।

### राजीव गांधी कालेज ने इंटर यूथ फेस्टीवल में जीती ट्राफी

**उचाना।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में चल रहे तीन दिवसीय इंटर यूथ फेस्टीवल में राजीव गांधी कालेज उचाना की टीम ने ट्राफी अपने नाम की। प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने सफलता की बधाई देते विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की कहा भविष्य में भी महाविद्यालय की टीम इसी प्रकार शिक्षा, खेल, एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में भाग लेकर नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई

**जींद।** सब सेंटर रूपगढ़ के अंतर्गत आने वाले ईंट भट्ठों पर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

### सेवा केंद्र में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम, योग भट्टी भी हुआ समाप्त

# जब हम खुद पर शासन करना सीख जाएंगे तभी बनेगा देश विश्व गुरु

**अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित सेवा केंद्र में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व भाई। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित सेवा केंद्र में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान सेवा केंद्र पर आयोजित 40 दिन की योग भट्टी का सफ़ल समापन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने सबको गणतंत्र दिवस बहुत-बहुत मुबारक दी। उन्होंने कहा यह ऐसा दिन है जिसमें जवान, बच्चे, बूढ़े, बीमार, स्वस्थ सभी में जोश आ जाता है। सभी के मन में आता है भारत मेरा महान देश है, तो जब इस देश की महिमा आती है तो हमें हमेशा अपना सतयुग दिखाई देता है। क्योंकि वर्तमान देश भले बहुत विकास कर रहा है लेकिन जो विश्व गुरु के रूप में भारत था वह स्वर्णिम था। परमात्मा हम सबको याद दिलाते हैं कि देश आजाद तो हो गया लेकिन विश्व गुरु फिर से कब बनेगा। जब हम स्वयं पर शासन करना सीख जाएंगे। अपने इंद्रियों की गुलामी से हम मुक्त हो जाएंगे। स्वराज्य अधिकारी बनेंगे तभी भविष्य में विश्व राज्य अधिकारी बनेंगे। दीदी ने बहुत सुंदर राजयोग के अभ्यास द्वारा सभी को गहन सुख शांति खुशी की अनुभूति कराई। सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको गणतंत्र दिवस की ढेर सारी मुबारक दी। 40 दिन के लिए आयोजित योग भट्टी का सफ़ल समापन भी किया। 40 दिन तक लगभग 60 भाई बहनों की संख्या ने सेवा केंद्र पर जाकर तपस्या की। सभी ने दृढ़ संकल्प होकर प्रतिदिन एक विशेष अभ्यास के साथ सभी ने तपस्या की। इस योग भट्टी को करने वाले सभी भाई बहनों को बाबा के घर से विशेष उपहार भी दिया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन दीदी ने देशभक्ति पर बहुत सुंदर कविता की प्रस्तुति दी। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने मंच सचालन किया।

#### 21 जन्मों का पुण्य फल बनाने में करता है मदद

दीदी ने बताया योग भट्टी मुख्य रूप से विकर्मों (पाप कर्मों) का नाश करने, मन को एकाग्र करने, और आत्मा को शक्तिशाली बनाने के लिए की जाती है। यह एक प्रकार का गहन तपस्या अभ्यास है जो संस्कारों को परिवर्तित कर आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। 21 जन्मों का पुण्य फल बनाने में मदद करता है। इस अवसर पर सभी को गोलगप्पे खिलाकर उनकी विशेष पिकनिक भी कराई गयी। दीदी ने बताया भट्टी का अर्थ है आत्म-चेतना प्राप्त करना। भट्टी का अभ्यास मन की एकाग्रता (एकाग्रता की शक्ति) बढ़ाने के लिए भी किया जाता है। योग भट्टी आत्म-चेतना का अनुभव करने का अवसर प्रदान करती है और इससे आत्म-चेतना की स्वाभाविक अनुभूति विकसित होती है। कुमारी पाखी कुमारी, जानवी और कुमारी सोनम ने देशभक्ति पर अपने बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी।




बराड़ा। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि

### युवा वर्ग की उर्जा व समाज को खोखला कर रहा नशा

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशा सबसे बड़ी सामाजिक बुराई" विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक चेतना जागृत करना तथा उन्हें नशा जैसे सामाजिक अभिशाप के विरुद्ध सशक्त बनाना रहा। रैली में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. नवनीत कौर, लाइब्रेरियन डॉ. सीमा सैनी सहित लगभग 50 छात्राओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. विर्क ने कहा कि नशा युवा वर्ग की ऊर्जा और भविष्य को नष्ट कर रहा है। युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहते हुए समाज को भी इसके विरुद्ध जागरूक करना चाहिए। एंटी ड्रग्स अवेयरनेस सेल की संयोजक डॉ. शशि खुराना ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और पारिवारिक सुख-शांति को भी नष्ट करता है।



बराड़ा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### बैंक ऋण के माध्यम से आजीविका से जुड़ी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के खंड स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग के प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह ने शिरकत की। खंड कार्यक्रम प्रबंधक निरंजन लाल ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। निरंजन लाल ने कहा कि सरकारी योजनाओं से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। समूह की महिलाएं लखपति दीदी बनकर बैंक ऋण के माध्यम से आजीविका से जुड़ी हैं। बैंक सखी, बीमा सखी, पशु सखी व कृषि सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर अमरिंदर सिंह ने कहा कि केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग पारदर्शी, जवाबदेह व भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की निष्पक्ष कार्यप्रणाली से जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। आने वाले समय में यह भारत को सशक्त व भ्रष्टाचार-मुक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रितिकेश ने मारी बाजी, चहक को दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज. शहजादपुर



शहजादपुर। विजेता छात्राओं के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं महत्वपूर्ण दिवस आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य रोहित कुमार के निर्देशन एवं समिति की संयोजिका प्रोफेसर रेनू कुमारी एवं डॉ अपूर्वा चावला के नेतृत्व में आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. रेनू कुमारी ने कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा, कि /"बेटियां परिवार और समाज का गौरव हैं। हमें उन्हें एक सुरक्षित और बराबरी का वातावरण प्रदान करना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों पर सोचने और कला के माध्यम से अपनी बात रखने के लिए प्रेरित करती हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ", "शिक्षित बेटी, सशक्त समाज", "बालिका का सम्मान—देश का अभिमान" जैसे विषयों पर रचनात्मक एवं प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुत किए। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचारों को सशक्त शब्दों में प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। निर्णायक मंडल डॉ अपूर्वा चावला, डॉ. रेनू गुप्ता व डॉ. प्रीति द्वारा रचनात्मकता, विषय की प्रासंगिकता एवं प्रस्तुति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।

## मिड डे मील के सामान की अनियमित सप्लाई और गुणवत्ता पर शिक्षकों ने उठाए सवाल

■ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को समस्याओं से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मौलिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सबरवाल से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल शिक्षकों ने जेबीटी अध्यापकों की शिक्षण व विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की। इसमें मुख्य रूप से जनवरी मास में हुई मिड डे मील सामान की अनियमित सप्लाई व गुणवत्ता में कमी तथा मिड डे मील के कार्य हेतु ,किचन गार्डन संबंधी कार्य की जिम्मेदारी को लेकर स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करने , एसीपी मामलों के समय पर निपटान एवं प्राथमिक विद्यालयों में एमआईएस एवं यू डाइस का कार्य एसआईएम द्वारा किए जाने संबंधी पत्र जारी करने आदि विषयों के बारे में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को अवगत करवाया। संगठन के जिला महासचिव प्रकाश चंद्र ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कार्यालय संबंधी कार्यों को उचित समय में पूरा करवाने का आश्वासन दिया । जिला प्रवक्ता कृष्ण पूनिया ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व मौके पर उपस्थित जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विजेंदर रेढू को निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला को निपुण बनाने के लिए अध्यापक साथियों द्वारा कठोर परिश्रम करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला सलाहकार अनिल भाटिया , प्रवेश, सतीश राणा, शिवकुमार, नरमेल सिंह, रेनू दहिया पूनम कुमारी, विनय रोहिल्ला ,राजीव कुमार व रविंद्र कुमार मौजूद रहे ।

## नागरिक अस्पताल में 50 से 100 बेड होगी क्षमता, एसडीएम ने देखी व्यवस्था

■ चिकित्सा अधिकारियों से सुविधाओं की ली विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिकित्सा अधिकारियों से बातचीत करती एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

एसडीएम शिवजीत भारती ने बुधवार को नागरिक अस्पताल का दौरा कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, व्यवस्थाओं एवं चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन, डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं उपचाराधीन मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने महिला वार्ड का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, बेड की स्थिति एवं मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने रजिस्ट्रेशन कक्ष में पहुंचकर मरीजों की पंजीकरण प्रक्रिया, कतार व्यवस्था एवं कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। आपातकालीन कक्ष (एमरजेंसी) में उपलब्ध चिकित्सीय उपकरणों, डॉक्टरों की तैनाती एवं त्वरित उपचार व्यवस्था की भी उन्होंने समीक्षा की। एसडीएम ने अस्पताल की लैब का भी निरीक्षण किया और वहां की जांच सुविधाओं, रिपोर्ट वितरण प्रणाली तथा आवश्यक संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि मरीजों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में मौजूद अन्य विभागों व सुविधाओं का भी अवलोकन किया।

## सैनी हाई स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

■ बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नेशनल हाइवे स्थित सैनी हाई स्कूल के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे समाजसेवी गुरनाम सिंह सैनी का स्कूल प्रबंधन कमेटी के कोऑर्डिनेटर राम चंद्र सैनी, राज किशन सैनी, सचिव ज्ञान चंद सैनी व पैटर्न मेंबर दलजीत सिंह पूनिया द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात बच्चों द्वारा अन्य मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्कूल के कोऑर्डिनेटर राम चंद्र सैनी ने कहा कि बच्चों को देशभक्ति की भावना से जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करना बहुत जरूरी है। बच्चे देश का भविष्य हैं। इस कार्यक्रम में सैनी सभा सदस्य कृष्ण सैनी, डॉ. कृष्ण चंद सैनी, सुरेंद्र सैनी, बलबीर फौजी, नरेश सैनी, दीपक सैनी, बलजीत सैनी, नैब सिंह सैनी, बलबीर सैनी सचिव, डॉ. एसके सैनी, मोहन लाल सैनी, आशु सैनी सहित अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### प्रदेश में आने वाला कल इनेलो का: रामफल कुंडू

**उचाना।** बस स्टैंड के पास ब्राह्मण धर्मशाला इनेलो की मीटिंग हुई। मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामफल कुंडू, जिला युवा प्रभारी प्रदीप गिल, जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढ़ू पहुंचे। कुंडू ने कहा कि 6 फरवरी को जींद में युवा सम्मेलन होगा जिसमें युवा इनेलो राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण सिंह चौटाला पहुंचेंगे।

### समाज की नींव होती हैं बेटियां : मीनाक्षी बूरा

**जींद।** ग्राम पंचायत रजानी कलां में सरकार द्वारा करवाए जा रहे साप्ताहिक अभियान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी बूरा ने बताया कि बेटी समाज की नींव होती है। हमें बेटियों को भी बेटों जितना सम्मान देना चाहिए।

## 77वां गणतंत्र दिवस आयकर विभाग ने उत्साह और उमंग के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

आयकर भवन, सेक्टर 17-ई, चंडीगढ़ में अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, चंडीगढ़ के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री अशोक कुमार सरोहा, आईआरएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रसिद्ध भारतीय गोल्फ खिलाड़ी, पद्म श्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित श्री जीव मिल्खा सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। श्री अशोक कुमार सरोहा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारियों के बच्चों तथा गुरुकुल ग्लोबल स्कूल और शिवालिक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देशभक्ति कविताएं, समूह नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय नेताओं के बलिदानों को नमन किया गया। अपने गणतंत्र दिवस संबोधन में श्री अशोक कुमार सरोहा, आईआरएस ने राष्ट्र निर्माण में आयकर विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कर संग्रहण और सेवा प्रदाय में निरंतर समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### समाज की रक्षा के लिए कठोर निर्णय लेना ही धर्म

# सच्चा धर्म वही है जिसमें कर्तव्य बुद्धि हो : गिरि

■ कर्तव्य से विमुख होना धर्म नहीं, बल्कि कायरता है : कमलानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी कमलानंद गिरि। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भगवद्गीता एवं श्रीमद्भागवत प्रवचन कार्यक्रम के आठवें दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि मनुष्य परमार्थ की बातें तो करता है लेकिन उसके मन में स्वार्थ छिपा होता है। उन्होंने कहा कि सच्चा धर्म वही है जिसमें कर्तव्य बुद्धि हो न कि स्वार्थ बुद्धि। स्वामी ने श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि धृतराष्ट्र का हृदय 'मेरा-तेरा' के भाव से भरा हुआ था। द्रौपदी को निर्वस्त्र करने का प्रयास, जुए में छल, वनवास, लाक्षागृह की साजिश और विष देने जैसे अनेक षड्यंत्र रचे गए। अर्जुन का हृदय करुणा से भरा था और वह कहता है कि ये सब मेरे अपने हैं। मैं इन्हें कैसे मारूं। इसी मोह में अर्जुन ने युद्ध भूमि में धनुष-बाण नीचे रख दिए। कमलानंद गिरि ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हैं कि कर्तव्य से विमुख होना धर्म नहीं, बल्कि कायरता है। उन्होंने भगवान राम द्वारा बाली वध का उदाहरण देते हुए कहा कि लड़ाई सिद्धांत के लिए होनी चाहिए, कुर्सी के लिए नहीं। एक ओर कर्तव्य होता है दूसरी ओर लोभ—जो व्यक्ति कर्तव्य बुद्धि से कर्म करता है, वही सच्चा धर्मात्मा है। उन्होंने समाज और जीवन को बगीचे की उपमा देते हुए कहा कि जैसे माली पौधों की अनावश्यक टहनियों को काटता है ताकि बाग सुंदर बना रहे वैसे ही समाज में फैल रहे अधर्म, अन्याय और उत्पीड़न को समाप्त करना भी धर्म है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समाज को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व नासूर और कैंसर के समान होते हैं जिन्हें अलग करना पाप नहीं बल्कि धर्म है।